DIET WAYANAD

SSLC Pre-Model Examination MARCH 2022

**W 106**

Score:40 HINDI Time : $1^{1}/_{2}$ hrs

**सामान्य निर्देश :**

- पहला 15 मिनिट के समय प्रश्नों का वाचन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- अंक और समय पर ध्यान दें।

**भाग- 1**

**A.** सूचना: 1 से 6 तक के किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 1 अंक है। ( 4x1=4)

1. वे उसके बाल पकड़कर फेंकनेवाले थे।' **उसके'** में लिखित सर्वनाम कौन- सा है?

   ( यह, वह, ये, वे )

2. मोरपाल शादी में भी यूनीफ़ॉर्म पहनकर आता था। क्योंकि -
   - स्कूल यूनीफ़ॉर्म उसे सबसे पसंद था।
   - उसको दूसरा कपड़ा नहीं था।
   - अन्य कपड़ा उसे पसंद नहीं था।
   - वह अपने को अलग दिखाना चाहता था।

3. सही प्रयोग चुनकर लिखें।
   - बेला का मन बहुत खराब हो गया।
   - बेला का मन बहुत खराब हो गए।
   - बेला का मन बहुत खराब हो गई।
   - बेला का मन बहुत खराब हो गईं।

4 ' **लोहा लेना '** इसका मतलब क्या है?

( सहायता करना, सामना करना , सम्मान करना, समाप्त करना )

5. उसकी आवाज़ फुसफुसाहट में तब्दील हो गई। किसकी ?

   ( चार्ली की, माँ की, मैनेजर की, दर्शकों की )

6. **हमनाम -** इसका मतलब क्या है?

- समान उम्रवाला
- समान नामवाला
- समान देशवाला
- समान कामवाला

**B.** 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 1 अंक है। ( 3X1= 3)

7. **गुठली तो पराई है -** कहानी का विषय है-

( लड़की- लड़का भेदभाव, जाति प्रथा, पानी की समस्या, बालश्रम )

8. " व्यक्ति को मैं नहीं जानता था

हताशा को जानता था " - यहाँ जानने का मतलब क्या है ?

( क) व्यक्ति के नाम से जानना ( ख) व्यक्ति के पते से जानना

( ग) व्यक्ति के ओहदे से जानना ( घ) व्यक्ति की असहायता से जानना

9. **दिशाहीन दिशा** यात्रावृत्त के आधार पर सही प्रस्ताव कौन- सा है?

- लेखक का मित्र अविनाश गज़ल गायन करता था।
- लेखक का मित्र अविनाश दैनिकी का संपादन करता था।
- लेखक का मित्र अविनाश नाव चलाता था।
- लेखक का मित्र अविनाश कहानी सुनाता था।

## भाग- 2

**A.** सूचना: निम्न लिखित प्रश्न का उत्तर लिखें। ( 1x2=2)

10. कोष्ठक से सही शब्द सुनकर वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें।

( धुँधली रोशनी, कुप्पी की)

आ रही थी

कुएँ पर आ रही थी

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**B.** 11 से 12 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 2 अंक है। ( 1X2= 2)

11. आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ यह लेन- देन चल रहा है।

यहाँ गाँववालों की कौन - सी विशेषता प्रकट होती है?

12. " अरी गुठली यह घर तो पराया है "

बुआ ऐसा क्यों मानती है ?

## भाग- 3

**A.** 13 से 16 तक किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 3 अंक है।

( 3X3= 9)

13. **टूटा पहिया** कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें । कवि का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें।

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले !

14. संबंध पहचानें और सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| विद्रोही दिलवाली | साहू |
| झूठे मुकदमे करनेवाला | गंगी |
| घी में तेल मिलानेवाला | ठाकुर |

15. **अकाल और उसके बाद** कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न का उत्तर लिखें।

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुत्तिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ।

निम्नलिखित सूचनाओं से **अकाल** से संबंधित प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- चूल्हे का रोना
- घर में दाने का आना
- चक्की का उदास रहना
- घरवालों की आँखें चमकना
- कानी कुत्तिए का सोना

16. निम्नलिखित वाक्यों से मोरपाल की विशेषताएँ चुनकर लिखें।

- राजमा चावल पसंद करता है।
- छाछ पसंद करता है।
- शादी में भी यूनीफ़ॉर्म पहनकर आता है।
- स्कूल जाने में रोया करता है।
- रविवार को भी स्कूल जाना चाहता है।

**B.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखें। 3 अंक है। (1X3= 3)

17. **बसंत मेरे गाँव का** लेख के अनुसार तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- फूलदेई के अवसर पर बड़े लोग सामूहिक भोज बनाते हैं।
- पंचाचूली और चौखंबा के बीच का पर्वत है नंदा।
- फूलदेई बच्चों का बड़ा त्योहार है।
- बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी उत्तर भारत से नियुक्त होते हैं।
- चैती गीतों में पांडवों की हिमालय यात्रा के किस्से होते हैं।

**भाग- 4**

**A.** 18 से 20 तक किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।प्रत्येक के लिए 4 अंक है। (2X4= 8)

सूचना: **बीरबहूटी** कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़ें।नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

> बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं।वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है।

18. माटसाब के बुरे व्यवहार से बेला दुखी है।बेला की उस दिन की **डायरी** कल्पना करके लिखें।

सूचना: **ठाकुर का कुआँ** कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़ें।नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

> घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला - गंदा पानी पी रहा है।

19. प्रस्तुत अंश के आधार पर गंगी और जोखू के बीच का संभावित **वार्तालाप** तैयार करें।

20. **आई एम कलाम के बहाने** फिल्मी लेख के आधार पर छोटू उर्फ़ कलाम के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

संकेत:

- पढ़ने में तेज़
- सहजीवियों से प्यार
- दोस्ती पर जान देनेवाला

**B.** 21 से 22 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। 4 अंक है।( 1X4= 4)

21. **बच्चे काम पर जा रहे हैं** कविता के आधार पर बालश्रम के विरुद्ध **पोस्टर** तैयार करें।

सूचना: **बसंत मेरे गाँव का** लेख का निम्नलिखित अंश पढ़ें। नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा बच्चों का कोई दूसरा त्योहार नहीं है।

22. फूलदेई की समाप्ति पर समाचार पत्र के लिए एक **रपट** तैयार करें।

## भाग- 5

**A.** 23 से 24 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। 5 अंक है। (1X5= 5)

सूचना: **बीरबहूटी** कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़ें। नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। आज आखिरी बारी वे एक - दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे।

"तुम्हारी आँख में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला?"

"मुझे क्या पता।" बेला ने डबडबाई आँखों से हँसते हुए कहा।

23. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

सूचना: **सबसे बड़ा शो मैन** जीवनी का यह अंश पढ़ें। नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार.... दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

24. उस दिन के अनुभवों को बताते हुए चार्ली की माँ अपनी सहेली को **पत्र** लिखती है। माँ का यह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

********************